C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:14 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:45 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 142 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 26 नवंबर 2024

मुश्किल वक्त में अभिषेक पहुंचे ...पेज-3 पर

# अब मुनस्यारी बनेगा मधुमक्खी पालन का हब

मुनस्यारी

हमारे संवाददाता

मधुमक्खी पालन योजना के तहत मंगलवार को 21 लाख रुपये की लागत से दो ग्राम पंचायतों के महिला स्वयं सहायता समूह के 21 मधुमक्खी पालकों को दो-दो कॉलोनीयुक्त बॉक्स वितरित किये गये। इस क्लस्टर के महिला स्वयं सहायता समूह की 114 महिलाओं को मधुमक्खी पालन योजना से लाभान्वित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री बीएडीपी योजना में जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने एक गांव एक उत्पाद के विजन को आगे बढ़ाने के लिए स्वरोजगार के तहत इस योजना को प्रस्तावित किया था। योजना की जिम्मेदारी उद्यान विभाग पिथौरागढ़ को दी गई है। 21 महिलाओं को दो-दो कॉलोनीयुक्त बॉक्स जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया तथा खासियाबाड़ा के ग्राम प्रधान संजय धामी द्वारा प्रदान किये गये। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि इस क्षेत्र में मधुमक्खी पालन की अपार संभावनाएं है। इस क्षेत्र को मधुमक्खी पालन का हब बनाए जाने के लिए मुख्यमंत्री बीएडीपी योजना में शामिल किया गया है। भविष्य में मुनस्यारी हनी के नाम से यहां के शहद को लॉन्च किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संजय धामी, सामाजिक कार्यकर्ता बृजमोहन लोहनी, यशवंत सिंह बृजवाल, महिला समूह की अध्यक्ष बेलमती बरफाल, रेखा भट्ट, कलावती बरफाल, लक्ष्मी बरफाल, जमना खत्री, गंगोत्री कोरंगा, योगिता धामी, बसंती भाकुनी, कमला लोहनी, विनीता लोहनी, चन्द्र सिंह भाकुनी, धर्मेंद्र राम, गौरव कुमार आदि उपस्थित रहे।



### पहलीबार डबल लेयर बांक्स बांटे

**मुनस्यारी।** हिमालय क्षेत्र के ठंडे इलाके में अक्सर मधुमक्खी पालकों को सिंगल लेयर बॉक्स दिया जाता है। जिस कारण ठंड के मौसम में मधुमक्खियां मर जाती हैं। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया की पहल पर पहली बार मधुमक्खी पालकों को डबल लेयर बॉक्स दिया गया है। इस योजना की दूसरी खासियत यह है कि खाली बॉक्स विभिन्न योजनाओं में दिए जाते हैं, लेकिन पहली बार मौन वंश के साथ दो बाक्स दिए गए हैं।

## News कॉर्नर

### अस्पताल में छत की मरम्मत के चलते अव्यवस्थाएं फैली

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में छत की मरम्मत का कार्य करने के चलते अस्पताल में अव्यवस्थाएं फैल गई हैं, कार्य करने के दौरान सीसीटीवी की लाइन टूटने से कई महीनों से सीसीटीवी कैमरे नहीं चल रहे हैं जिससे अस्पताल में असुरक्षा का माहौल है। बता दें कि जिला अस्पताल में 14 लाख की लागत से अस्पताल कार्यालय व पीएमएस कक्ष की छत के कार्य के साथ अन्य कार्य भी किये गए, काम करने के दौरान सीसीटीवी कैमरे की लाइन भी टूट गई। जिसके चलते कई महीनों से अस्पताल के सीसी टीवी कैमरे नहीं चल रहे हैं। जिससे असुरक्षा का माहौल पैदा हो रहा है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि ठेकेदार की ओर से पूरा काम नहीं किया गया है। ठेकेदार से कई बार कह दिया है लेकिन उसकी ओर से कार्य पूरा कर अस्पताल प्रबंधन को नहीं सौंपा गया है। जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से भी की जा चुकी है।

### छात्रों को नशे के दुषप्रभाव व साईबर फ्रॉड की जाकारी दी

**नैनीताल ।** नैनीताल के पॉलिटेक्निक कॉलेज में पुलिस ने छात्रों को कानूनी जानकारी दीय साथ ही नशे के दुषप्रभाव व साईबर फ्रॉड की भी जाकारी दी। बता दें कि सोमवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में पुलिस की ओर से गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान एसओ रमेश बोहरा व एसआई प्रियंका मौर्य ने छात्र छात्राओं को कानूनी जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराध की जानकारी देते हुए कहा कि सोशल मिडिया चलाने के दौरान छात्र छात्राओं को विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति की ओर से भेजे गए लिंक को नहीं खोलना चाहिए। वहीं पुलिस की ओर से नशे के दुषपरिणाम भी छात्रों को बताए साथ ही यातायात नियमों की भी जानकारी भी छात्रों को दी। वहीं एसआई प्रियंका मौर्य ने छात्रों को महिला अपराध के बारे में बताया।

शहीद स्मारक पर फोर्स तैनात

# भू-कानून और मूल निवास को लेकर भूख हड़ताल

देहरादून

हमारे संवाददाता

भू कानून और मूल निवास को लेकर आज भूख हड़ताल करने शहीद स्मारक पहुंचे मोहित डिमरी को पुलिस ने रोक दिया। यहां भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई है। सशक्त भू-कानून और मूल निवास की मांग को लेकर आमरण अनशन करने की तैयारी में मूल निवास, भू कानून समन्वय संघर्ष समिति के संयोजक मोहित डिमरी को पुलिस ने रोक दिया। पुलिस ने शहीद स्मारक के गेट पर ताला भी लगा दिया है। मोहित ने निर्णय लिया है कि वह शहीद स्मारक के गेट के बाहर ही भूख हड़ताल शुरू करेंगे। मूल निवास, भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति ने आज मंगलवार से शहीद स्मारक पर आमरण अनशन शुरु करने का एलान किया था। समिति को महिला मंच और राज्य आंदोलनकारी मंच सहित कई संगठनों ने अपना समर्थन दिया है। समिति का कहना है कि भूमि कानूनों में हुए संशोधनों को रद्द किया जाए। इसके साथ ही निवेश के नाम पर दी गई जमीनों का ब्यौरा सार्वजनिक किया जाए।समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार मजबूत भू-कानून को लेकर गंभीर नहीं है। सरकार बजट सत्र में भू-कानून लाने की बात कर रही है, लेकिन किस तरह का भू-कानून सरकार लाएगी, स्थिति स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि 2018 के बाद भूमि कानूनों में हुए सभी संशोधनों को अध्यादेश के जरिये रद्द किया जाए।

भूमि कानून की धारा-2 को हटाया जाए। इस धारा की वजह से नगरीय क्षेत्रों में गांवों के शामिल होने से कृषि भूमि खत्म हो रही है। 400 से अधिक गांव नगरीय क्षेत्र में शामिल हुए हैं और 50 हजार हैक्टेयर कृषि भूमि को खुर्द-बुर्द करने का रास्ता खोल दिया गया। साथ ही भूमि कानून के बिल को विधानसभा में पारित करने से पूर्व इसके ड्राफ्ट को जन समीक्षा के लिए सार्वजनिक किया जाए। निवेश के नाम पर दी गई जमीनों का ब्यौरा और इससे मिले रोजगार को सार्वजनिक किया जाय। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने 250 वर्ग मीटर से अधिक जमीन खरीदी है, उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाय। समिति ने कहा कि मूल निवासियों को चिह्नित किया जाए। वहीं, 90 प्रतिशत नौकरियों और सरकारी योजनाओं में मूल निवासियों की भागीदारी होनी चाहिए।



# बनभूलपुरा कांडः भूमि खुर्दबुर्द मामले में मलिक को जमानत व दंगा मामले में जमानत नहीं

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के चर्चित बनभूलपुरा कांड के साजिशकर्ता/ मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक की जमानत याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने राजकीय भूमि को खुर्दबुर्द करने के मामले में उन्हें जमानत दे दी, लेकिन दंगा फैलाने के मामले में उनकी अभी जमानत नहीं हुई। मामले के अनुसार मलिक के खिलाफ चर्चित बनभूलपुरा दंगे के समय चार मुकदमे दर्ज हुए थे, जिसमें से एक मामला ये भी था कि मलिक ने कूटरचित /झूठे शपथ पत्र के आधार पर राजकीय भूमि को हड़पने का कार्य किया, यही नहीं उनके द्वारा नजूल भूमि पर कब्जा करके प्लॉटिंग व अवैध निर्माण करके उसे बेचा गया।

हाईकोर्ट में राज्य सरकार की तरफ से उनकी जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए कहा कि बनभूलपुरा कांड की शुरुआत यहीं से हुई थी, जब प्रशासन इस अवैध अतिक्रमण को हटाने गया तो उनके ऊपर पथराव किया गया बाद में इसने दंगा का रूप ले लिया, इसी दंगे में सरकारी तथा पुलिस व अन्य लोग घायल हो गए इस प्रकरण में कईयों की जान तक चली गयी। दंगे से संबंधित मामलों में इनकी जमानत नहीं हुई है इसलिए इनकी जमानत निरस्त किया जाय,वही याचिकाकर्ता का कहना था कि इस मुकदमे का सम्बन्ध दंगे से नहीं है, इसलिए उन्हें जमानत दी जाए।





# संविधान अंगिकृत के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती के रूप में मनाया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

संविधान अंगिकृत किये जाने के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष मे संविधान दिवस हीरक जयंती के रूप में डॉ बीआर अम्बेडकर आदर्श विद्यालय दमुवादूंगा मे मनाया गया। संविधान की प्रस्तावना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आर टम्टा ने की और संचालन प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने किया, विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये और अनेकों सांगठनों के सम्मानित वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे, जी आर टम्टा जी ने बाबा साहेब के जीवन और संघर्षो के बारे मे विस्तार से जानकारी दी, जे सी बेरी जी ने संविधान के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए संविधान तोड़ने वालों के विरोध मे खड़े रहकर संविधान बचाने पर ज़ोर दिया, शंकर लाल जी ने सरकार द्वारा किये जा रहे संविधान विरोधी कार्यों पर चर्चा की, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने कहा कि दलित और मुस्लिम की एकता को तोड़ने के लिए सरकार षड्यंत्र कर रही है, उन्होंने कहा कि दलित और मुस्लिम की एकता का इतिहास रहा है।

सभा में इशरतुल्ला सैफी, सुंदर लाल बौद्ध , आर पी गंगोला, आर एस कुटियाल, जीवन प्रकाश, जी आर आर्य, मुकेश बौद्ध, हरिप्रसाद लोहिया, सुरेश मुरारी, मोहन लाल आर्य, हरीश लोधी, सहित आदि शामिल थे।

# विकास में सहभागिता के लिए कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए शामिल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी संभाग कार्यालय में भाजपा की रीति-नीति को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्य में सहभागी बनने के लिए कई लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा की सदस्यता लेने वालों में कांग्रेस के पूर्व सचिव व पूर्व पार्षद विजय कुमार, अजय चंद, चंदन कुमार, रमेश चंद्र, कार्तिक चंद्र, दीपक चंद्र, भुवन चंद्र, विनोद कुमार आदि शामिल हैं। भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नये सदस्यों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया तथा मिष्ठान वितरण किया गया।



भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासवादी सोच और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लोगों का विश्वास भाजपा पर बढ़ा है और लोग भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, मंडी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, निवर्तमान मेयर जोगेन्दरपाल सिंह रौतेला, जिला महामंत्री नवीन भट्ट व रंजन बर्गली, प्रतिभा जोशी, भुवन भट्ट, मंडल अध्यक्ष किशोर जोशी, धीरज पांडे, महेश जोशी, मुन्नी बिष्ट, पनराम आर्य, हृदेश आदि मौजूद रहे।

# एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ाई जाए : डीएम

## पंतनगर एयरपोर्ट की एरोड्रम कमेटी की बैठक आयोजित

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



पंतनगर एयरपोर्ट की एरोड्रम कमेटी की बैठक जिलाधिकारी एवं समिति अध्यक्ष उदयराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इसमें निदेशक एयरपोर्ट पंतनगर मोनिका डेम्बला ने बताया कि विमानपत्तन की सुरक्षा हेतु 75 कार्मिकों के सापेक्ष मात्र 20 सुरक्षा कर्मी है।

उन्होंने सुरक्षा कर्मी बढ़ाने को कहा। जिलाधिकारी एवं समिति अध्यक्ष ने एएसपी/इंचार्ज निहारिका तोमर को एयरपोर्ट सुरक्षा हेतु सुरक्षा कर्मी बढ़ाये जाने हेतु पत्र जारी करने के निर्देश दिए। निदेशक ने विमानपत्तन क्षेत्र की सुरक्षा पेट्रोलिंग हेतु वाहन उपलब्ध कराने की मांग रखी। जिसपर डीएम ने सचिव गृह को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। निदेशक ने कॉमन हाइजैकिंग टास्क फोर्स के लिए भी उच्चीकृत वाहन की आवश्यकता हेतु अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने एएसपी को वाहन उपलब्ध कराने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट के वेस्ट प्रबंधन हेतु नगर निगम रूद्रपुर से टाई-अप करने के निर्देश एयरपोर्ट संयोजक को दिए।

बैठक में संयोजक व निदेशक विमानपत्तन एयरपोर्ट पंतनगर मोनिका डेम्बला ने अवगत कराया कि विमानपत्तन के बॉउंड्री के बाहर कई ऐसे पेड़ है जो प्राकृतिक रूप से बड़े व टेड़े होकर बॉउंड्री से ऊपर आ गये है तथा कई पेड़ अत्यधिक ऊंचाई के होने के कारण वर्तमान में फॉग के चलते पायलट को असुविधा होती है, जबकि सुरक्षा के दृष्टि से अत्यंत खतरनाक है इन पेड़ो के माध्यम से अवांछित तत्व विमानपत्तन की सुरक्षा को बाधित कर सकते है इन वृक्षो को कटवाने का अनुरोध किया। डीएम ने सहायक वन संरक्षक को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सहायक वन संरक्षक ने बैठक में अवगत कराया कि उनके द्वारा पेड़ों का निरीक्षण कर लिया गया है व पेड़ो को चिन्हित कर अग्रिम कार्यवाही हेतु वन निगम को पत्र भेज दिया गया है। निदेशक ने एयरपोर्ट सीमा के आसपास क्षेत्र में में जंगली जानवरों की संख्या अत्यधिक बढ़ गयी है जिन्हें बाउंड्री वाल के पास भी विचरण करते हुये देखा गया है जिससे विमान सुरक्षा व्यवस्था को अत्यधिक खतरा रहता है साथ ही कार्मिकों को भी जान का खतरा बना रहता है बैठक में पंतनगर विमानपत्तन निदेशक मोनिका डेम्बला, एएसपी निहारिका तोमर,ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पाण्डेय, सहायक वन संरक्षक तराई केन्द्रीय वन प्रभाग शशि देव आदि मौजूद थे।



# विधायक शिव ने तराई विहार में सीसी मार्ग के कार्य का फीता काटकर की शुरुआत

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

विधायक शिव अरोरा ने नगर निगम क्षेत्र फाजलपुर मेहरौला के तराई विहार में में सीसी मार्ग कार्य का फीता काट कर शुभारंभ किया। यह कार्य देवेंद्र रस्तोगी के घर से विराट तक जाने वाले सम्पर्क मार्ग जो 26 वर्षो से खराब पड़ा था।

यह कार्य जिला योजना से स्वीकृत हुआ था।इस मौके पर विधायक ने कहा कि तराई विहार का सम्पर्क मार्ग जहाँ बरसात के बाद 4 फिट तक पानी खड़ा हों जाता था। जिसका 26 वर्ष बाद निर्माण कार्य आरम्भ करवाया है। अब इस समस्या से निजात मिलेगी। विधायक ने कहा कि विकास कार्यों के क्रम को जारी रखते हुऐ लगातार विकास कार्यों की शुरुआत कर रहे है। बहुत कम समय में 48 किलोमीटर तक के कार्य रुद्रपुर विधानसभा में करवाये है।ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में ऐसी ऐसी सड़को के निर्माण कार्य करवाये है कई दशक से नहीं बने थे। विधायक ने कहा कि उनकी सोच काम को आगे बढ़ाने की है हम सबको साथ लेकर रुद्रपुर क्षेत्र के चारो तरफ विकास कार्यों को तेजी गति से करने का प्रयास किये जा रहे हैं। इस दौरान सुरेश कोली,सुशील यादव, तरुण दत्ता, प्रीत ग्रोवर, रामकिशन कोली, विपिन कोली, विक्की वाल्मीकि, चंचल यादव, मयंक कक्कड़,वंदना,रेखा रानी, सरोज पाल, बूटा सिंह, त्रिलोक कोली, रोहित मित्तल, चंद्रपाल कोली आदि मौजूद रहे।

# पृथ्वीराज सिंह बिष्ट स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला क्रीड़ा संघ व जिमखाना क्लब के सहयोग से सोमवार से पृथ्वीराज सिंह बिष्ट स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट शुरु हो गया है।

बता दें कि डीएसए मैदान में प्रथम मुकाबला बनकर 11 बनाम स्टार 11 के मध्य खेला गया जिसमें निर्धारित 20 ओवर में स्टार 11 ने कुल 115 रनों का लक्ष्य बनकर 11 के सामने रखा, लक्ष्य का पीछा करते हुए बनकर 11 की टीम ने 12वें ओवर में जीत हासिल कर ली। दूसरा मुकाबला केनफील्ड इलेवन व चित्त इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें केनफील्ड इलेवन ने प्रथम बल्लेबाजी करते हुए केनफ ील्ड ने निर्धारित 20 ओवरों में 166 रनों की अर्चना की और 167 रनों का लक्ष्य रखा चित इलेवन के समक्ष लक्ष्य का पीछा करते हुए चित इलेवन की टीम निर्धारित 19 ओवरों में ऑल आउट हो गई जबकि केनफील्ड ने यह मुकाबला 53 रनों से जीता।

## महिला के साथ मारपीट और धमकी का मामला दर्ज

**हल्द्वानी।** शहर के बनभूलपुरा थाना में एक महिला के भाई ने अपने जीजा के खिलाफ तीन तलाक और उसके परिवार वालों के खिलाफ मारपीट और धमकी का मामला दर्ज कराया है। महिला के भाई समीर पुत्र नासिर निवासी जोशी विहार गोजाजाली ने आरोप लगाया है कि उसके जीजा समी आलम ने उसकी बहन के साथ मारपीट की और तीन बार तलाक देकर जान से मारने की धमकी दी कि अगर उसने किसी से शिकायत की तो वह उसे जान से मार देगा। समीर ने बताया कि उसकी बहन की शादी समी आलम से 15-16 वर्ष पूर्व हुई थी, लेकिन वह हमेशा से ही गलत चाल-चलन का व्यक्ति रहा है। उसने बताया कि समी आलम ने एक अन्य महिला से निकाह कर लिया है और वह उसे धमकी दे रहा है कि अगर उसने किसी से शिकायत की तो वह उसे जान से मार देगा। समीर बनभूलपुरा थाने में समी आलम व उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# NEWS / फटाफट

## पहली बार मिला संसार का सबसे छोटा सांप

**नैनीताल ।** नगर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में से एक नारायणनगर स्थित हिमालयन बौटेनिकल गार्डन में पहली बार संसार के सबसे छोटे सामान्य कीट सांपों में से एक ब्राह्मनी वौर्म स्नेक/ ब्राह्मनी ब्लाइंड स्नेक जिसकी लम्बाई औसतन 4 से 9 इंच तक होती है मिला है। मामले में बौटेनिकल गार्डन के वन बीट अधिकारी व नेचर प्रेमी अरविन्द कुमार ने बताया कि उन्हें पहली मर्तबा यह दुर्लभ प्रजाति का सांप बौटनिकल गार्डन में कम्पोस खाद (पत्तों की खाद) में मिला। पहले भी यह सांप दो बार गार्डन में दिखा है लेकिन तब वह उसकी फ ोटो नहीं ले पाये थे। अरविन्द के मुताबिक ब्राह्मनी वौर्म स्नेक को लोग कैचुआ भी समझ लेते हैं लेकिन गौर से इसके मुह को दंखें तो यह सांप भी अन्य सांपों की तरह अपनी जीभ बाहर निकालता रहता है। यह सांप अपना अधिकांश समय गमलों के अन्दर, गीली जमीन में, कम्पोस खाद्य के ढेर में, पत्थरों के नीचे और सड़ी लकडियों के नीचे रह कर गुजारते हैं, यह सांप पूर्णतया विषहीन होते हैं। ये सांप जून के महीने में उबले हुए चावल के दाने के बराबर 2 से 7 तक अंडे देते हैं। इनका भोजन चिटियां तथा दीमक व उसके लार्वे तथा अन्य छोटे - छोटे कीट होते हैं। बौटेनिकल गार्डन में पहली बार ब्राह्मनी वौर्म स्नेक के मिलने पर वन क्षेत्राधिकारी बौटेनिकल गार्डन / जू प्रमोद कुमार तिवारी ने भी खुशी व्यक्त की।

## त्रिवेंद्र पवार के उक्रांद कार्यकर्ताओं में शोक की लहर

**नैनीताल।** प्रखर राज्य आंदोलनकारी तथा उक्रांद के पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह पवार के आकस्मिक निधन का समाचार सुनते ही नैनीताल के राज्य आंदोलनकारियों व उक्रांद कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। नैनीताल विधान सभा के पूर्व विधायक डॉ. नारायण सिंह जंतवाल ने पवार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।डॉ. जंतवाल ने कहा कि पवार के साथ उनका संपर्क वर्ष 1986 से रहा था, इस दौरान कई आंदोलनों में साथ- साथ भागीदारी की थी। डा.जंतवाल के मुताबिक उनका जाना देव भूमि उत्तराखंड की मूल अवधारणा के लिए लडने् वाले एक जुझारू नेतृत्व का जाना है। इस दौरान उत्तराखंड क्रांति दल के सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। उत्तरा खंड राज्य आंदोलनकारी क्रांति मोर्चा नैनीताल ने भी पवार के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। नगर अध्यक्ष शाकिर अली ने कहा कि बेबाक तरीके से अपनी राय रखने के साथ त्रिवेंद्र पवार उत्तराखंड के लिए गहरा चिंतन रखते थे उनकी अचानक मृत्यु पूरे उत्तराखंड के लिए एक अपूर्ण क्षति है। उनके निधन पर शोक प्रकट करने वालों में राज्य आंदोलनकारी संगठन जिला मीडिया प्रभारी इंद्र नेगी, जिलाध्यक्ष गणेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष महेश जोशी, ब्लॉक संयोजक हेमचंद्र वरियाल, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश आर्य, पंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर रावत तथा जिला सचिव पान सिंह सिजवाली तथा पूर्व पालिका अध्यक्ष मुकेश जोशी तथा शाकिर अली आदि लोग शामिल रहे।

## नियमितीकरण को लेकर 144वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन



**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण कट ऑफ डेट 2024 शीघ्र जारी करने को लेकर किया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत अनूठा पौधरोपण आंदोलन सोमवार को 144वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि सोमवार को उनके आंदोलन को सहयोग देने के लिए उत्तराखंड के मशहूर फिल्म अभिनेता हेमंत पांडे पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में आए। हेमंत पांडे ने पौधारोपण करते हुए कहां कि यह आंदोलन अपनी मांगों को मनाने के लिए राज्य में एक मिसाल है। यह आंदोलन प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है और यह आंदोलन आने वाले समय में एक नजीर बनेगा। उन्होंने कहा कि यह पौधारोपण आंदोलन राज्य ही नहीं पूरे विश्व के लिए एक मिसाल है। कहा कि सरकार को इसका संज्ञान लेते हुए अतिशीघ्र वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं कि वह भी पौधारोपण कार्यक्रम से जुड़े । पौधारोपण आंदोलन में कुमाऊं मंडल विकास निगम पिथौरागढ़ के वेद प्रकाश, हर सिंह, शेर सिंह, पदम सिंह, सौरव खोलिया, गोपाल बिष्ट, रचना, दीपक, राजेंद्र सिंह, नरेंद्र थापा, महेश क़ुमार, अंकित तथा शोभाराम सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# बीज विकास निगम प्रशासनिक अधिकारी के रिटायरमेंट के सभी देयकों का भुगतान करें: कोर्ट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने तराई बीज विकास निगम के प्रशासनिक अधिकारी शिव मंगल त्रिपाठी के रिटायरमेंट के देयकों का भुगतान नहीं करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूतर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने उन्हें राहत देते हुए तराई बीज विकास निगम उधम सिंह नगर को निर्देश दिए हैं कि शिव मंगल त्रिपाठी को उनके रोके गए रिटायरमेंट के समस्त सभी देयकों का भुगतान करें। मामले के अनुसार तराई बीज विकास निगम उधम सिंह नगर में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारी शिव मंगल त्रिपाठी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि वह 31मई 2017 में विभाग से सेवानिवृत्त हो गए थे। विभाग द्वारा उनके खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं को लेकर 1 अगस्त 2018 में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

आरोप पत्र में कहा गया कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनियमितताएं की गई है जबकि उनपर लगे सभी आरोप वर्ष 2021 में निगम ने वापस भी ले लिए गए हैं लेकिन अभी तक उन्हें रिटायरमेंट के बाद मिलने वाले समस्त देयकों का भुगतान नहीं किया गया है। याचिका में कहा गया है कि उन्हें रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली सुविधाओं से वंचित किया जाना असवैधानिक है जबकि सर्वोच्च न्यायलय ने कई ऐसे आदेश दिए हैं कि रिटायरमेंट के बाद सरकार कोई विभागीय कार्यवाही किसी भी कर्मचारी के खिलाफ नहीं कर सकती।

# धूमधाम से मनाया ऑल सेंट्स कॉलेज में क्रिसमस

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय ऑल सेंट्स कॉलेज में सोमवार को क्रिसमस का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय का प्रांगण क्रिसमस के आनंद से ओत-प्रोत रहा।

कार्यक्रम में कक्षा 1 से 6 तक की नन्हीं छात्राओं ने प्रतिभाग किया व विद्यालय के सभागार में अविस्मरणीय रंग बिखेरे। इससे पूर्व नन्हीं छात्राओं के क्वायर ने क्रिसमस के गीत गए व सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने इट केम अपॉन ए मिडनाइट क्लियर-, कम ऑल यी फेथफुल, जॉय टू द वर्ल्ड साइलेंट नाइट, वी थ्री किंग्स हार्क द हेरल्ड एंजेल्स सिंग, ग्लोरिया इन एक्सेलसेस.. तथा जिंगल बेल्स जैसे दुनिया भर में प्रचलित क्रिसमस कैरेल गाकर अनूठा सामाँ बाँधा। बच्चों ने ईसा मसीह के जन्म की अद्भुत घटना का मंचन किया व अपनी नाट्य प्रतिभा का परिचय देते हुए ईसा मसीह के जन्म के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान संता क्लॉज को अपने बीच देखकर छोटे बड़े सभी के चेहरे खिल उठे। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या किरन जरमाया ने बताया कि क्रिसमस का उत्सव सभी के बीच प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है व हमें आपस मे सद्भाव व सौहार्द के साथ रहना सिखाता है।

जरमाया ने क्रिसमस के उपहार देकर खुशी बाँटने की भावना का उल्लेख भी किया तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी को भेंट दी। पास्टर जॉन जॉर्ज मुन्नवर ने ईश्वर को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्राओं ताश्वी बंसल, गुरनूर सोढ़ी और आबिया अथर द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय की पास्टर जॉन जॉर्ज मुन्नवर, मुन्नवर सहित सभी छात्राएंए शिक्षक गण व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# अभिमत

## निराधार दावे

***कोचिंग सेंटरों के विज्ञापनों में पारदर्शिता लाई जायेगी। चयन के बाद कोचिंग सेंटर बिना लिखित सहमति के सफल उम्मीदवारों के नाम, फोटो या प्रशंसा-पत्र का उपयोग नहीं कर सकते हैं। कई बार यूपीएससी के छात्र प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा बिना कोचिंग के खुद की मेहनत से पास कर लेते हैं और सिर्फ इंटरव्यू के लिए कोचिंग की मदद लेते हैं। इस तरह के मेधावी छात्रों का नाम और फोटो का उपयोग कोचिंग सेंटर विज्ञापनों में करते हैं, जबकि कोचिंग सेंटर का उनकी सफलता में योगदान नहीं होता है।***

महानगरों से लेकर छोटे शहरों में कोचिंग सेंटरों की भरमार है। बोर्ड परीक्षा और विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी कोचिंग सेंटर कराते हैं। सोशल मीडिया, अखबार, पत्रिकाओं में कोचिंग सेंटर के विज्ञापनों में बड़े-बड़े दावे किये जाते हैं। उत्तराखंड में उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने नई गाइडलाइन जारी करते हुए कहा है कि यूपीएससी, नीट, जेईई और कई अन्य परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को लुभाने के लिए कोचिंग सेंटर दावे करते हैं। कोचिंग सेंटरों के विज्ञापनों में पारदर्शिता लाई जायेगी। चयन के बाद कोचिंग सेंटर बिना लिखित सहमति के सफल उम्मीदवारों के नाम, फोटो या प्रशंसा-पत्र का उपयोग नहीं कर सकते हैं। कई बार यूपीएससी के छात्र प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा बिना कोचिंग के खुद की मेहनत से पास कर लेते हैं और सिर्फ इंटरव्यू के लिए कोचिंग की मदद लेते हैं। इस तरह के मेधावी छात्रों का नाम और फोटो का उपयोग कोचिंग सेंटर विज्ञापनों में करते हैं, जबकि कोचिंग सेंटर का उनकी सफलता में योगदान नहीं होता है। दिशा निर्देश में कहा गया है कि विज्ञापनों में सौ फीसदी चयन के निराधार दावे नहीं किये जा सकते हैं। कोर्स और उनकी अवधि की संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। विज्ञापनों में शिक्षकों के बारे में पूरी जानकारी दी जानी चाहिए। फीस और रिफंड के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जाये। कोचिंग सेंटरों द्वारा मीडिया में विज्ञापन के अलावा सड़कों के किनारे होल्डिंग्स, दीवारों पर पेंटिंग और पोस्टर के माध्यम से प्रचार किया जाता है। वर्तमान में अध्ययन के लिए कोचिंग का बड़ा महत्व है, लेकिन निराधार दावे करके छात्रों से अधिक से अधिक फीस लेना उचित नहीं है। कुछ कोचिंग सेंटरों ने कारपोरेट के तौर पर राष्ट्रीय स्तर पर पूरे देश में शाखाएं खोल दी हैं। शिक्षा को मुनाफा कमाने वाला उद्योग बना दिया है। निजी स्कूलों ने भी कोचिंग सेंटरों की तरह बेबुनियाद दावे करने शुरू कर दिये हैं। शहर के निजी स्कूल से 10वीं अथवा 12वीं परीक्षा में अध्ययन करने वाला छात्र उच्च शिक्षा के लिए प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अथवा किसी विश्वविद्यालय में अध्ययन करते हैं, उसके बाद कोचिंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करके आईएएस, पीसीएस अथवा किसी अन्य प्रतियोगी परीक्षा में सफल हो जाते हैं। ऐसी प्रतिभाओं के नाम और फोटो निजी स्कूल विज्ञापन में प्रकाशित करके उनकी सफलता का श्रेय लेने का प्रयास करते हैं। जिस तरह कोचिंग सेंटरों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है, उसी तरह निजी स्कूलों के लिए भी निर्देश दिये जाने चाहिएं।

# एसएसपी की नई पहल, महिला सुरक्षा को लेकर यात्री वाहनों में लगाए डैशबोर्ड कैमरे

### यातायात चौपाल लगाकर वाहन चालकों को पढ़ाया यातायात के नियमों का पाठ

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी मणिकांत मिश्रा की एक नई पहल पर आम-जनमानस की सुरक्षा विशेषतया महिलाओं,बच्चों की सुरक्षा की दृष्टिगत, यात्री वाहनों में डैशबोर्ड कैमरे लगाने का अभियान शुरू किया गया।

इसका शुभारंभ सोमवार को डीडी चौक पर आयोजित यातायात चौपाल के दौरान किया गया। इस मौके पर एसएसपी वहां मौजूद वाहन चालकों के अलावा अन्य लोगों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया और कहा कि इस अभियान को चलाये जाने का मुख्य उद्देश्य वाहन में बैठे व्यक्तियों खास कर महिलाओं,बच्चों की सुरक्षा, उनके सामान की सुरक्षा के साथ ही सडक दुर्घटनाओ के कारणों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने का है। इस अभियान के तहत 30 यात्री बसों व 18 टैक्सियों में डैशबोर्ड कैमरे लगाये गये है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि भविष्य में यह अभियान जनपद में सभी थाना क्षेत्रों में चलाया जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने का आहवान किया। एसएसपी व एसपी सिटी समेत अन्य पुलिस अधिकारीयों ने वाहनों में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे। इस मौके पर सहायक पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर, सीओ सितारगंज बीएस चौहान,सीओ पंतनगर भूपेंद्र सिंह धोनी, सीपीयू इंचार्ज राकेश बिष्ट, यातायात निरीक्षक नरेंद्र कुमार आर्या,टीएसआई धनपाल तनवार, सीपीयू दरोगा दिनेश चंद्र उप्रेती,एसआई सीपीयू सतपाल पटवाल,एसआई सीपीयू मुन्ना राम, चौकी प्रभारी बाजार जितेंद्र कुमार खत्री, दीपक भट्ट, योगेश चन्द्र,कैलाश सिंह,नंदन गोस्वामी, रविन्द्र सिंह,रवि कुमार, राजेश कुमार, गणेश धपोला, राजेंद्र कुमार, गजेन्द्र संभल, नारायण कुमार,बसंत,जीडी जोशी,पूरन बिष्ट,प्रकाश ढपोटी,मनीष पंत,कमल कुमार,सुमन, दिनेश कापड़ी अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।





## बिना ढक्कन का सीवर लाइन, हादसे का दे रहा न्योता

**नैनीताल।** नगर के अधिकतम व्यस्त रहने वाले बिरला स्कूल मार्ग पर वेलकम होटल के मोड पर सड़क के बीचोंबीच बिना ढक्कन का सीवर लाईन का मैन होल सीधे-सीधे मौत को दावत दे रहा है, समाजसेवी नीरज जोशी द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर जिम्मेदार विभाग की लापरवाही को उजागर किया है। रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को सभी स्कूल व कॉलेज तथा दफ्तर आदि खुले रहे, नौकरीपेशा व स्कूली बच्चों के साथ साथ कामकाजी लोगों महिलाएं व बुजुर्ग आदि लोगों का इस मार्ग से पैदल तथा मोटरसाइकिल व वाहन आदि से अत्यधिक आवागमन रहता हैं परंतु बीच रोड में मुंह फ ाड़े यह सीवर होल किसी को भी निगलने पर आतुर हैं जो कि एक तीव्र ढाल पर है भगवान ना करे अगर कोई हादसा हो जाता है तो उसकी जिम्मेदारी आखिर होगी किसकी। समाजसेवी नीरज जोशी के अनुसार सीवर होल का ढक्कन बीति रात से ही नहीं लगा है राहगीरों व स्थानीय नागरिकों ने रोष व्यक्त करते हुए अति शीघ्र सीवर होल पार ढक्कन रखने की मांग की है।

# डीएसबी परिसर में विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए प्रेरित करने को बूट कैंप का आयोजन



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में सोमवार को विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से दूसरे बूट कैंप का आयोजन किया गया।

बता दें कि यह योजना उत्तराखंड सरकार द्वारा शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य राज्य में उद्यमिता के प्रति युवाओं में आकर्षण पैदा करना है। इस कार्यक्रम में प्रो. ललित तिवारी निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रकोष्ठ कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल तथा महासचिव एलुमनी सेल द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया तथा उद्यमिता के विषय में जानकारी दी।

डा. विजय कुमार नोडल अधिकारी देवभूमि उद्यमिता केंद्र डीएसबी परिसर नैनीताल ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के विषय में जानकारी दी और उन्हें प्रेरित किया। डॉ. विजय कुमार ने बताया कि उत्तराखंड राज्य में उद्यमिता विकास के लिए यह योजना चलाई जा रही है जिसका उद्देश्य राज्य में उद्यमिता के प्रति युवाओं में आकर्षण पैदा करना है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां का युवा रोजगार की तलाश में ही लगा रहता है जबकि गुजराती, मारवाड़ी और पंजाबी का पहला विकल्प उद्यमिता ही होता है। उन्होंने फ्लिपकार्ट जमाटो,ओयो, पेटीएम तथा पानीपूरी व पेपर बोट इत्यादि स्टार्टअप को केस स्टडी के रूप में उदाहरण देकर समझाया और बताया कि कैसे ये स्टार्टअप शुरू हुए और आज टॉप पर हैं।

इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें संजाना भगत, योगिता पंत, स्पौशी जोशी, समिष्टा राय, कीर्ति कुलौरा, वर्षा आर्या, शिवांगी तथा खुशी जोशी, चारु, सौंदर्य, एकता राणा, अंशिका गुप्ता, गीताली बिष्ट, रितिकी मेहता तथा अभिषेक आदि शामिल थे।

# फिल्मी दुनिया

## मुश्किल वक्त में अभिषेक पहुंचे पिता अमिताभ के पास



*अभिषेक बच्चन की हालिया रिलीज फिल्म आई वांट टू टॉक बॉक्स ऑफिस पर मनचाही सफलता हासिल नहीं कर पाई। लेकिन वह इस बात से निराश नहीं हैं, क्योंकि सालों पहले पिता अमिताभ ने उन्हें करियर को लेकर एक कीमती सलाह दी थी। जो आज भी उनको हौंसला देती है। अभिषेक बच्चन की फिल्म आई वांट टू टॉक एक बीमारी व्यक्ति के जीवन को दिखाती है। साथ ही इसमें पिता और बेटी की रिश्ते को भी बड़ी खूबसूरती से दिखाया गया है। असल जिंदगी में भी अभिषेक और उनके पिता का रिश्ता बहुत ही अलग तरह का है। अमिताभ एक दोस्त की तरह अपने बेटे अभिषेक को जिंदगी और करियर को लेकर सलाह देते हैं। जब अभिषेक के शुरुआती करियर में मुश्किल दौर चल रहा था, तब भी अमिताभ की सलाह ने उनका हौंसला बढ़ाया। हाल ही में अभिषेक ने अपनी पत्नी ऐश्वर्या को लेकर भी एक बयान दिया है। जिसमें वह उनको शुक्रिया कह रहे हैं। अभिषेक कहते हैं, मैं लकी हूं कि बाहर जाकर फिल्में बनाने का मौका मिलता है क्योंकि मुझे पता है कि ऐश्वर्या, आराध्या के साथ घर पर हैं। मैं इसके लिए उनका बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करता हूं। अभिषेक के इस बयान के बाद से उनके और ऐश्वर्या के अलगाव की खबरों पर भी विराम लगता नजर आ रहा है।*

### करियर को लेकर जब निराशा से घिरे

*अभिषेक ने एक इंटरव्यू में अपने करियर के मुश्किल दौर के बारे में बताया। वह कहते हैं, ' क्रिटिक्स मेरे हर तरह के काम की आलोचना कर रहे थे, क्योंकि उस समय मेरी कई फिल्में नहीं चल रही थी। तब मैं अपने पिता के पास गया और उनसे कहा कि मुझे लगता है कि मैंने बड़ी गलती की है। शायद मैं अभिनेता बनने के लिए नहीं बना हूं। ऐसे में मेरे पिता ने कहा कि मैं खुद के लिए ईमानदार रहूं। साथ ही उन्होंने कहा कि अपनी कला को निखारने का एक ही तरीका है कि आप काम करते रहो। उन्होंने कहा कि जो भी फिल्में मिलें, उन्हें साइन कीजिए और काम करते रहिए।' यह सलाह आगे चलकर अभिषेक के काम आई और कई फिल्मों में उनके काम को दर्शकों से लेकर आलोचकों तक ने सराहा।*

# संविधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में शपथ ग्रहण कराई

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। डीएम उदयराज सिंह ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हमारे देश भारत के लोकतंत्र की शक्ति हमारा संविधान ही है। हमें संविधान में निहित मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए और प्रयास करना चाहिए कि संविधान के अनुरूप स्वतंत्रता, समता और न्याय हर नागरिक को समान रूप से प्राप्त हो जिससे नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़े। डीएम ने संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं व समस्त कलेक्ट्रेट कर्मचारियों को प्रस्तावना के अनुरूप शपथ दिलाई। इस दौरान एसडीएम मनीष बिष्ट,ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पांडेय, तहसीलदार दिनेश कुटौला, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गणेश चन्द्र आर्य आदि मौजूद रहे।



# क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आरके 11 के नाम

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

जैन पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में आयोजित स्वर्गीय सकूल सक्सेना मेमोरियल टी 20 ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को हर्ष और जोश के बीच संपन्न हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और स्वर्गीय सकूल सक्सेना के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।फाइनल मैच में आर के 11 और सेमफोर्ड काशीपुर के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। सेमफोर्ड काशीपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 21 ओवर में 158 रन बनाए। इसके जवाब में आर के 11 ने 17 ओवर में ही 6 विकेट से जीत दर्ज कर



टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम की। आर के 11 के खिलाड़ी हारून ने निर्णायक भूमिका निभाई। जिन्होंने शानदार नाबाद 94 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जीता। टूर्नामेंट के विजेता आर के 11 को 71,000 रुपये और उपविजेता सेमफोर्ड काशीपुर को 31,000 रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका राजेंद्र सिंह और सत्येंद्र मिश्रा ने निभाई, जबकि स्कोरर राहुल सिंह ने अपनी जिम्मेदारी को कुशलता से निभाया। लायंस क्रिकेट अकादमी के हेड कोच नवीन टम्टा की देखरेख में यह टूर्नामेंट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने युवाओं को खेल से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाता है। खेल के माध्यम से हम एक सशक्त और उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।कार्यक्रम में सुधांशु,नीरज, पंकज, सूरज,मनीष कनौजिया, कैलाश पंत,विपुल, शदानिश खान, इमरान, पिंटू, मनीष, धीरज सिंह,अकरम खान, हिमांशु कनौजिया जैसे समर्पित सदस्यों के साथ सैकड़ों दर्शकों की उपस्थिति ने इस आयोजन को यादगार बनाया।

## News कॉर्नर

### 26 प्रशिक्षुओं ने वनस्पतियों की जानकारी ली

**नैनीताल ।** नगर के नारायणनगर स्थित हिमालयन बाटनिकल गार्डन में सोमवार को कालागढ़ टाईगर रिजर्व के फारेस्टर ट्रेनिंग केंद्र के 26 प्रशिक्षुओं ने गार्डन का भ्रमण कर वहां पर मौजूद वनस्पतियों तथा फर्न तथा आर्किड समेत तितलियों के संसार के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। गार्डन के वन बीट अधिकारी अरविन्द कुमार ने बताया कि गार्डन में प्रशिक्षुओं को विस्तार से भ्रमण कराने के बाद उन्हें वहां के प्राकृतिक वातावरण के बारे में भी जानकारी दी गयी। अरविन्द कुमार के मुताबिक प्रशिक्षुओं ने भ्रमण के दौरान कई सवाल भी पूछे जिनका सरल भाषा में उत्तर भी दिया गया।

### पानी की लाइन दुरुस्त करने पहुंची महिला का अंगूठा कटा

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक के बल्दियाखान क्षेत्र में पानी की लाइन दुरुस्त करने पहुंची महिला का अंगूठा कटकर अलग हो गया साथ में मौजूद बच्ची ने मां को लहूलुहान हाथ देखा तो उसकी भी चींख पुकार मच गई। आनन फ ानन में महिला को नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल लाकर उपचार दिया गया। जानकारी के मुताबिक बल्दियाखान निवासी दीपा भट्ट (40) अपनी बेटी के साथ पानी की लाइन दुरुस्त करने जंगल की ओर गयी थी कि लाइन के आसपास पेड़ की टहनियों को वह दरांती से काटने लगी,तभी अचानक उसका अंगूठा दरांती की चपेट में आकर कट कर अलग हो गया। ग्रामीणों और स्वजनों को बुलाने के बाद महिला को आनन फ ानन में राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल लाया गया। मामले में जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि आपातकाल में महिला की सर्जरी करनी पड़ी, अंगूठे का कटा हुआ हिस्सा मरीज द्वारा नहीं लाने के कारण खून रोकने के बाद सर्जरी कर दी गयी है।

# कौशल विकास के जरिए पुनर्वास पर जोर

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार और जिला न्यायाधीश श्री सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में उप कारागार, हल्द्वानी में महिला बंदियों के लिए सिलाई कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। यह कार्यक्रम इंडिपेंडेंट थॉट (नेशनल ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन) के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलियानी ने की।

सचिव श्रीमती गुलियानी ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर बंदियों के कौशल विकास के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है, ताकि वे रिहा होने के बाद रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले माननीय न्यायमूर्ति श्री मनोज कुमार तिवारी के नेतृत्व में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला उद्योग



विभाग ने कारागार में बेकरी स्थापित की थी। इस कार्यक्रम में इंडिपेंडेंट थॉट के फाउंडर विक्रम श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी संस्था कारागार से रिहा हुए बंदियों को समाज में पुनर्वास की प्रक्रिया में सहायता प्रदान करती है। साथ ही, उन्होंने बताया कि रिहाई के बाद बंदियों को जिन सामाजिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, उनकी संस्था उन्हें रोजगार पाने में मदद करती है और सुखमय जीवन की ओर अग्रसर करती है। अधीक्षक कारागार प्रमोद कुमार पांडेय ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महानिरीक्षक कारागार द्वारा समय-समय पर बंदियों के कौशल विकास के लिए निर्देश दिए जाते हैं। उन्हीं निर्देशों के तहत आज इस सिलाई कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन इंडिपेंडेंट थॉट संस्था के अधिवक्ता वरुण पाठक ने किया। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था अब तक 20 बंदियों की रिहाई के बाद पुनर्वास में सहायता कर चुकी है। कार्यक्रम में कारागार में निरूद्ध महिला बंदियों के लिए कढ़ाई और सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ भी किया गया।

इस अवसर पर पूर्व में कारागार से रिहा हो चुके बंदियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और अपने साथी बंदियों को पुनर्वास की आशा दी। कार्यक्रम में कारागार अधीक्षक प्रमोद पांडेय, प्रभारी कारापाल रामपाल सिंह, मुख्य फार्मासिस्ट कमल सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता, इंडिपेंडेंट थॉट के अधिवक्ता, संस्था की टीम, लाभान्वित/पुनर्वासित बंदी और उनके परिजन उपस्थित रहे।

## पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते एक को दबोचा

**हल्द्वानी।** थाना बनभूलपुरा क्षेत्र में पुलिस ने सट्टा खाईबाड़ी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से



1140 रुपये की नगदी, सट्टा पर्ची, पेन और गत्ता बरामद किया गया। आरोपी की पहचान बाबू पुत्र अहमद नवी, निवासी गफूर बस्ती, वार्ड 24, थाना बनभूलपुरा के रूप में हुई है। पुलिस बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में गश्त पर थी। जब ुलिस गफूर बस्ती स्थित पिंकी की दुकान के पास पहुंची तो उन्हें एक व्यक्ति की जोर से आवाज सुनाई दी, जिसमें वह सट्टे का खेल करने की बात कर रहा था। इस पर पुलिस कर्मियों ने संदिग्ध व्यक्ति को घेर लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टा पर्ची, गत्ता, पेन और नगदी 1140 रुपये बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत इनिसिएटिव के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन 25 नवंबर से माय भारत पोर्टल पर आयोजित किया जा रहा है। देशभर से चुने हुए युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होने का मौका मिलेगा। मामले में नेहरू युवा केंद्र नैनीताल की जिला युवा अधिकारी डॉल्वी तेवतिया ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के अग्रणी भूमिका की वकालत की थी। कहा कि इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत की भविष्य योजना पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा। युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढने में अपने विचार शामिल करने का अवसर होगा। इसे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं के भागीदारी बढ़ेगी। कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को चार चरणों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेना होगा। पहला चरण विकसित भारत प्रश्नोत्तरी का होगा इसके अंतर्गत मेरा युवा भारत प्लेटफार्म पर 25 नवंबर से 5 दिसंबर 24 तक आयोजित होने वाली डिजिटल क्विज में 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु की वह भाग लेंगे, इसमें प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत के उल्लेखनीय उपलब्धियों के बारे में उनकी जानकारी की परीक्षा होगी । दूसरा चरण निबंध और ब्लॉक लेखन होगा इसमें पिछले चरण की विजेता लगभग 10 चुने गए विषयों जैसे विकसित भारत भारत के लिए तकनीक तथा विकसित भारत के लिए युवा को सशक्त बनाना आदि पर निबंध प्रस्तुत करेंगेए जिसमें राष्ट्रीय विकास के प्रति उनके विचार परिलक्षित होंगे। यह प्रतियोगिता माय भारत पोर्टल पर आयोजित की जाएगी जबकि तीसरा चरण विकसित भारत विजन पिच डेस्क राज्य स्तरीय प्रस्तुतियां दूसरे चरण में उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर पर चुने हुए विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे । उनकी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रत्येक राज्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के चयन के लिए विभिन्न विषयों पर टीमों का गठन करेगा,वहीं चौथे चरण भारत मंडपम में विकसित भारत राष्ट्रीय चैंपियनशिप होगा जिसमें विभिन्न थीम आधारित राज्य स्तरीय टीम में 11 और 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगी। विजेता टीमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समक्ष विकसित भारत के निर्माण पर अपने दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगे ।

### सवारी ज्यादा बैठाना चालक को पड़ा महंगा

**नैनीताल।** हल्द्वानी से नैनीताल टैक्सी में एक सवारी ज्यादा बैठाना चालक को महंगा पड़ गया। तल्लीताल में पुलिस ने चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए टैक्सी को सीज कर दिया है। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम हल्द्वानी से एक टैक्सी चालक अपनी टैक्सी में पांच सवारी बैठाकर नैनीताल ला रहा था तल्लीताल में ड्यूटी पर मौजूद एसओ ने टैक्सी की जांच की तो पीछे की सीट में तीन व आगे की सीट में दो सवारी बैठी थी। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि टैक्सी चालक फुरकान के खिलाफ कार्रवाई करते हुए टैक्सी को सीज कर दिया गया है।

# सरकारी भूमि को अवैध रूप से बेचने के मामले की जांच शुरू

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नगर में सोमवार से सरकारी भूमि को अवैध रूप से बेचने की एक गंभीर शिकायत के बाद नगर पालिका नैनीताल ने जांच शुरू कर दी है। नगर पालिका टीम ने मौके पर पहुंचकर इस मामले की विस्तृत जांच की और पाया कि भूरे तथा अजीम नामक दो व्यक्तियों ने तीन अन्य व्यक्तियों रमेश, खलीक और विनोद को अवैध रूप से सरकारी भूमि का विक्रय किया था। नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि की जांच शुरू कर दी और इसके बाद अवैध विक्रय करने वालों के खिलाफ तहरीर पुलिस में दी गई साथ ही भूमि खरीदने वाले व्यक्तियों को तत्काल संबंधित भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। इस अहम जांच प्रक्रिया के दौरान एक अन्य घटना घटी जब एक व्यक्ति ने नशे की अवस्था में नगर पालिका टीम के साथ अभद्रता की। इस पर भी तहरीर पुलिस में दी गई है। नगर पालिका टीम में अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी तथा अवर अभियंता विपिन चंद्र और नगर पालिका के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे। मामले में पालिका के ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि जांच जारी है और इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बीडीपांडे अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञों के दो पद रिक्त

**नैनीताल ।** नैनीताल के राजकीय बीडीपांडे जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञों के दो पद रिक्त होने के चलते मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में तैनात एक ही बाल रोग विशेषज्ञ पर मरीजों का भार पड़ रहा है लेकिन इन दिनों वह भी आवश्यक कार्य से चार दिन की छुट्टी पर हैं जिससे अस्पताल में व्यवस्था बनाने के लिए जिला अस्पताल प्रबंधन को अन्य अस्पतालों से विशेषज्ञ बुलाने पड़ रहे हैं। मामले में अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि रिक्त पद भरने के लिए दो बाल रोग विशेषज्ञों की मांग शासन स्तर पर की गई है।

# सीडीओ ने कई परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

विकास भवन के मीटिंग हॉल में मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामोत्थान परियोजना (रीप) काशीपुर विकासखंड में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित एवं रीप परियोजना के साथ अनुबंधित 3 क्लस्टर लेवल फेडरेशन क्रमशः रानी लक्ष्मीबाई,परिवर्तन एवं भारत के स्टाफ द्वारा सीएलएफ के क्षेत्र में किया जा रहे परियोजना गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान विकासात्मक कार्यों को और अधिक बेहतर बनाने हेतु सुझाव दिए गए। परियोजना अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां - अल्ट्रा पुअर ,मैचिंग ग्रैंड



फार्म एवं नॉन फॉर्म व्यक्तिगत उद्यम, सामुदायिक स्तर के फॉर्म एवं नॉन फॉर्म इंटरप्राइज तथा क्लस्टर लेवल पर निर्माण किए जाने वाले कलेक्शन सेंटर की समीक्षा की गई ।जिसके अंतर्गत भूमि चयन तथा उस को सम्बन्धित सीएलएफ को स्थानांतरण की प्रक्रिया के लिए आवश्यक निर्देश दिए ।
काशीपुर विकासखंड के भारत क्लस्टर द्वारा चलाए जा रहे ग्रोथ सेंटर में मछली चारा उत्पादन की प्रगति की जानकारी ली गई और सीडीओ मनीष कुमार ने बैठक में उपस्थित समस्त सीएलएफ स्टाफ रीप के विकासखंड एवं जनपद स्टाफ को पूर्ण मनोयोग से परियोजना के विकासात्मक कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बैठक में मौजूद स्टाफ को सरकार द्वारा चलाए जा रहे अन्य कल्याणकारी योजनाएं के लाभ को स्वयं सहायता समूह सदस्यों को तक पहुंचाने हेतु भी सीडीओ ने निर्देश दिए गए।बैठक में रीप परियोजना के जिला परियोजना प्रबंधक, सहायक प्रबंधक-लाइवलीहुड, सेल्स ,संस्थाएं और समावेश तथा विकासखंड स्तर पर तैनात समस्त स्टाफ आदि उपस्थित रहे।